# पलसोड़ा में शुरू हुई निगम की नई वर्कशाप



पलसोड़ा वर्कशाप का निरीक्षण करते हुए निगमायुक्त सोमनाथ झारिया व अन्य अधिकारी। •नईदुनिया 24-8-21

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। नगर निगम परिसर में खड़े रहने वाले कचरा संग्रहण वाहनों को सोमवार शाम से सैलाना रोड पर पलसोड़ा स्थित परिसर में खड़ा किया जाना शुरू कर दिया गया। यहां नई वर्कशाप भी शुरू कर दी गई है।

निगम के सभी 55 कचरा संग्रहण वाहन, डंपर आदि अब नई वर्कशाप में ही रहेंगे। मालूम हो कि नई वर्कशाप के स्थान पर पहले सिटी बस टर्मिनल बनना था, लेकिन सिटी बस प्रोजेक्ट रद होने के बाद इस जमीन पर वर्कशाप बनाई गई है। सोमवार शाम को सभी वाहनों को खड़ा करने के बाद रात में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल ने कर्मशाला का दौरा किया और जरूरी इंतजामों के निर्देश दिए। वर्कशाप में रोशनी व सुरक्षा के इंतजाम भी बढ़ाए जाएंगे।

# नगर निगम ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष व आश्रय स्थल बनाये

रतलाम । अति वृष्टि के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित परिस्थितियों से निपटने एवं आपदा प्रबंधन के लिए निगम स्तर पर की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने निगम मे विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पाबंद कर 8 आश्रय स्थलों की स्थापना की है। निगम आयुक्त श्री झारिया ने आपदा प्रबंधन एवं राहत कार्य के लिये नियंत्रण कक्ष जिसका दूरभाष नम्बर 07412-270563 स्थापित कर उपयंत्रियों एवं सहायक कर्मचारियों की 8-8 घन्टे की शिफ्ट में ड्यूटी लगाई। इसके अलावा अति वृष्टि हेतु 8 आश्रय स्थल बनाये जाकर कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है जिसके तहत् गांधीनगर कम्युनिटी हॉल पर श्री विशाल भटनागर मो0नं0 9300885504, ईश्वर नगर विद्यालय भवन पर श्री मुकेश मेहता मो0 नं0 9629647211, शैरानीपुरा जमातखाना पर श्री विजय अग्रवाल मो0 नं0 9907454456, अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड पर राजेश सिंह सेंगर मो0 नं0 7697052031, अलकापुरी कम्युनिटी हॉल पर श्री प्रदीप उपाध्याय मो0 नं0 9589944748, धीरजशाह नगर रॉयल हॉल पर श्री कुलदीप भट्ट मो0 नं0 7471144027, भवन निर्माण कला केन्द्र बिरियाखेड़ी पर श्री महेश व्यास मो0 नं0 9752971374 तथा श्री जैन उ.मा.विद्यालय सागोद रोड पर श्री सुनील कपूर मो0 नं0 9644000433 को नियुक्त किया गया है । आश्रय स्थलों के व्यवस्था की जिम्मेदारी उपयंत्री श्री विकास मरकाम उपयंत्री को सौंपी गई है। जो नियुक्त किये गये कर्मचारियों के सहयोग से समुचित व्यवस्था सुनिश्चित् करेंगे।

# संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की

रतलाम। नगर निगम सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति ने निगम के प्रशासनिक अधिकारियो के ड्रेस कोड लागू करने एवं प्रतिदिन वेतन काटने के आदेश का विरोध किया है। समिति के सदस्य रामलाल कल्याणे, विजय खरे, संजय पैमाल, कमल भाटी, कमल शिन्दे ने कहा कि ना तो निगम अधिकारियों द्वारा उन्हे कचरा हाथ गाडी, दस्ताने दिए है, साथ ही उन्हे ड्रेस कोड लागू कर प्रतिदिन वेतन काटे जाने के आदेश दिए है । जिससे उन्हे काफी मानसिक प्रताड़ना हो रही है। जिसका संघर्ष समिति विरोध करती है और अधिकारियों से मांग करती है कि निगम कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान करते हुए संसाधन उपलब्ध कराए।

## संसाधन उपलब्ध कराएं

**रतलाम।** नगर पालिक निगम संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति के रामलाल कल्याणे, विजय खरे, संजय पैमाल, कमल भाटी, कमल शिंदे ने निगमायुक्त को पत्र लिखा है। इसमें बताया गया कि नगर निगम में कार्यरत सफाई संरक्षकों को निगम प्रशासन द्वारा न तो ड्रेस दी गई है और न ही दस्ताने आदि उपलब्ध करवाए गए हैं। निगम के जवाबदार अधिकारी ड्रेस कोड लागू कर रहे हैं। प्रतिदिन वेतन काटे जाने के आदेश जारी किए जा रहे हैं। कर्मचारियों को आर्थिक और मानसिक प्रताड़ना दी जा रही है। समिति द्वारा वाल्मीकि समाज के आराध्य देव गोगा जन्मोत्सव होने से प्रतिवर्षानुसार एक हजार रुपये त्योहार अग्रिम और कर्मचारियों को वेतन 31 अगस्त के पहले देने की मांग की गई है।

## नियत तारीख को वेतन भुगतान की मांग

२५-८-२४

**रतलाम।** महादलित परिसंघ (राष्ट्रीय) के जिलाध्यक्ष विशाल गोसर ने नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखा है। इसमें सफाई संरक्षकों की 10 सूत्री मांगों का शीघ्र निराकरण करने की मांग की गई। प्रमुख रूप से पत्र में गैंग व मैजिक ठेला कर्मचारियों को विनियमितीकरण का लाभ देने, आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाने, सभी कर्मचारियों को नियत तारीख पर वेतन का भुगतान करने, वर्तमान में पदस्थ किए गए सभी दरोगा व भविष्य में किए जाने वाले दरोगाओं की शैक्षणिक योग्यता सुनिश्चित करने, सफाईकर्मियों के नए पद सृजन करने, अच्छा कार्य करने वालों को पुरस्कृत करने, ड्रेस कोड अनिवार्य करने के पहले सफाईकर्मियों को दो-दो ड्रेस वितरित करने, सफाईकर्मियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने की मांग की गई।

नई दुनिया

**सुविधा के साथ परेशानी भी** • अभी उज्जैन की तरफ से बिछा रहे हैं गैस पाइप लाइन

# 6 महीने बाद फिर खोदेंगे सड़कें... पाइप लाइन से घरों तक पहुंचेगी रसोई गैस


भास्कर संवाददाता | रतलाम

24-8-21

हमारे शहर की सड़कें एक बार फिर खुदने लगेंगी। दरअसल, शहर में पाइप्ड नैचुरल गैस यानी पीएनजी बिछाने का काम होना है, जो 6 महीने बाद शुरू होगा। 3 साल तक क्षेत्रों में खुदाई होती रहेगी। हालांकि, यह काम हमारे फायदे के लिए ही है, घर-घर लाइन से गैस पहुंचने से बार-बार एलपीजी गैस सिलेंडर बदलने की झंझट से मुक्ति मिलेगी। यह गैस सस्ती भी पड़ेगी। इधर, अक्टूबर से सीवरेज और पाइप लाइन की खुदाई से खराब रोड नेटवर्क को सुधारने के काम की शुरुआत होना है।

पीएनजी पहुंचाने के लिए तैयारी शुरू हो गई है। रतलाम जिले में नैचुरल गैस पाइपलाइन डालने का टेंडर गुजरात गैस लिमिटेड कंपनी को मिला है। पाइप लाइन से गैस पहुंचाने की तैयारी 2 साल से चल रही है। हालांकि अभी शहर में काम सुस्त है। लेकिन 6 महीने में पाइपलाइन बिछना शुरू हो जाएगी। कंपनी उज्जैन की तरफ से पाइप लाइन बिछाती हुई आ रही है, पहले शहर व इसके बाद जावरा में पाइप लाइन बिछाई जाएगी। सड़कों की खुदाई होना भी तय है। हालांकि, नगर निगम भी पहले से तैयारी कर बैठा है। कंपनी से खुदाई में होने वाली क्षतिपूर्ति भी वसूली जाएगी।

## अब इस तरह शहर की सड़कों को संवारा जाएगा



सीवरेज का काम जारी है। काटजू नगर और पत्रकार कॉलोनी की तरफ के प्रवेश मार्ग पर खुदाई हो रही है।

- 8.5 किलोमीटर लंबा इनर सिटी रिंग रोड, इसमें से करीब 2.5 किलोमीटर तैयार हो चुका है।
- 6 किलोमीटर रोड ऑफिसर कॉलोनी से बाजना बस स्टैंड-सैलाना बस स्टैंड तक बनेगा
- 3.78 किलोमीटर लंबी 7 प्रमुख सड़कों को फोरलेन जितना चौड़ा करेंगे।
- 153 किलोमीटर खुदाई से खराब सड़कें बनाई जाएंगी।
- 20 संकरी पुलियाओं को चौड़ा कर नए सिरे से बनाएंगे

### रतलाम के साथ जावरा में भी होगा काम

एलपीजी (लिक्विड पेट्रोलियम गैस) सिलेंडर के माध्यम से रसोई घर तक पहुंचती है। जबकि पीएनजी (पाइप्ड नैचुरल गैस) पाइप लाइन के जरिए पहुंचेगी। घर-घर गैस पहुंचाने का काम रतलाम के साथ जावरा में भी होगा। कंपनी पहले रतलाम शहर और फिर जावरा नगर में पाइप लाइन डालेगी। इसे उज्जैन में निकल रही मुख्य पाइप लाइन से जोड़ा जाएगा। लाइन जोड़ने के बाद आंतरिक पाइप लाइन डलना शुरू होगी।

### हमें पीएनजी से ये फायदा होगा

- लाइन डलने के बाद सिलेंडर खत्म होने का झंझट खत्म हो जाएगा।
- गैस कम होने और गैस कम मात्रा में मिलने की टेंशन खत्म होगी।
- कम प्रेशर से सप्लाई होने के कारण इसमें ब्लास्ट होने का खतरा नहीं होता है।
- यह गैस नेचुरल होने के साथ ही एलपीजी के मुकाबले सस्ती पड़ेगी।
- सिलेंडर रखने और हटाने की परेशानी नहीं रहेगी।
- गैस सुविधा 24 घंटे मिलती है। मेंटेनेंस में भी आसानी रहती है।

### सड़कों की हालत खराब, 166 किमी का नया रोड नेटवर्क बनेगा

शहर में तीन साल से सीवरेज का काम भी जारी है। शहर की गली-गली की सड़कें खुदी हैं। पाइपलाइन की खुदाई का काम भी होता है। सिटी रोड नेटवर्क प्लान में कॉलोनियों की आंतरिक और मुख्य मार्ग को ठीक करने के लिए काम भी जल्द ही शुरू होने वाला है। डामरीकरण, सीमेंट-कांक्रीट की सड़क की मरम्मत व ज्यादा खराब सड़कों का मेंटेनेंस होगा। मुख्यमंत्री रोडमैप को मंजूरी दे चुके हैं। सिटी रिंग रोड, आंतरिक सड़कों सहित 166.78 किमी लंबे नेटवर्क को सुधारेंगे।

### 6 महीने बाद काम शुरू होगा

*रतलाम में गैस के लिए पाइप लाइन बिछाने का काम 6 महीने बाद शुरू होगा। काम पूरा होने में तीन साल का वक्त लग सकता है।*
**अनिल येलुरी**, नोडल ऑफिसर, गुजरात गैस

# पर्युषण पर कत्लखाने और मांस दुकानें बंद रखी जाएं

**रतलाम, नप्र।** जैन समाज के तप-त्याग और आराधना के महापर्व पर्युषण पर्व पर जिले में कत्ल खाने तथा मांस की दुकानें बंद रखे जाने संबंधी आदेश जारी किए जाएं

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अशोक जैन चौटाला ने इस संबंध में जिला प्रशासन से अनुरोध किया है। चौटाला ने बताया कि अहिंसा के उपदेशक भगवान महावीर के जियो और जीने दो के सिद्धांतों का पालन सभी के लिए जरूरी रूप से होना चाहिए, चाहे वह जैन हो या अजैन। चौटाला ने कहा कि प्रशासन के निर्देशों के साथ ही आम नागरिकों से भी अनुरोध है कि पर्यूषण पर्व पर अहिंसा के सिद्धांतों का पालन करें ताकि विश्व शांति और अहिंसा की राह प्रशस्त हो। चौटाला ने इस संबंध में जिला शांति समिति की बैठक में भी प्रस्ताव रखा था जिसका सभी ने समर्थन भी किया

प्रभात किरण

24-8-21

# मोमिनपुरा में स्कूल बंद, सफाई भी नहीं

प्रभात किरण 23-8-21

**रतलाम, नप्र। कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने बीते शनिवार को नगर निगम परिसिर में लोगों की समस्याओं को जाना।**

कलेक्टर की पहल पर ही यहां जन शिकायत निवारण की शुरुआत की गई। कलेक्टर ने एक घंटे निगम परिसर में रहकर आवेदकों की समस्याएं को सुना और निगम की संबंधित शाखा को निराकरण के लिए कहा। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गेहलोत, डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन, नगर निगम के इंजीनियर उपायुक्त आदि थे। नाहरपुरा के पंकज बैरागी ने घर के बाहर बड़े नाले की सफाई नहीं होने की शिकायत की। मोमिनपुरा के बंद पड़े प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को चालू करने की मांग की गई। अशोकनगर में कच्ची रोड पर बड़े-बड़े गड्ढे होने और वहां भारी मात्रा में जलजमाव की शिकायत की। इस दौरान मच्छरों की समस्या, नाली का निकास नहीं होने, गंदा पानी घरों में आने की भी शिकायत की गई।



**कांग्रेस ने सराहाः** कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जनता की समस्याओं को सुनने की पहल का कांग्रेस ने स्वागत किया है। लोगों की समस्याओं को जानने के लिए कलेक्टर ने खुद निगम में बैठे। बैठने की शुरुआत के पहले दिन ही कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल उनसे मिलने पहुंचा। कांग्रेस ने कलेक्टर को शहर के अलग-अलग क्षेत्रों की समस्याओं से अवगत कराते हुए खासतौर पर खराब सड़क, सड़क बत्ती, सफाई व्यवस्था एवं महिला स्पोर्ट्स काम्पलेक्स बनाने की मांग की। कलेक्टर ने समस्याओं का जल्द ही निराकरण का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेन्द्र कटारिया, यास्मीन शैरानी, रजनीकांत ब्यास, कमरुद्दीन कछवाय, हितेश पैमाल, रवि वर्मा, छोटू चावड़ा, नारायण पंड्या आदि थे।

प्रभात किरण 24.8-21

# दस केंद्रों पर होगा वैक्सीनेशन

रतलाम शहर में 25 से 26 अगस्त को रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा, अलकापुरी कम्युनिटी हॉल, रेडक्रॉस भवन विरियाखेड़ी, काश्यप सभागृह सागोद रोड, माहेश्वरी भवन कसारा बाजार, कालिका माता धर्मशाला ,जमातखाना शेरानीपुरा, डीआरएम ऑफिसर क्लब दो बत्ती, आनर्स स्कूल दिलीप नगर एवं लायंस हाल पावर हाउस रोड पर वैक्सीनेशन किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में खराब परफॉर्मेंस पर शहर छोड़कर सभी तहसीलदारों को शोकाज नोटिस

शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता के मुख्यमंत्री हेल्पलाइन कार्यक्रम की समीक्षा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा सोमवार को बैठक में की गई। इस दौरान खराब परफॉर्मेंस पाए जाने पर रतलाम शहर को छोड़कर बाकी सभी स्थानों के तहसीलदारों को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए। [illegible] 25.8.21

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि राजस्व विभाग के अधिकारी आवेदकों शिकायतकर्ताओं के आवेदनों का निराकरण संतुष्टिपूर्वक करें। निराकरण में टालु प्रवृत्ति के शब्दों का उपयोग नहीं किया जाए। जहां आवश्यक हो पटवारी को भेजकर शिकायतकर्ता से बात की जाए। यदि वह संतुष्ट है तो फोर्स क्लोज किया जाए।

कलेक्टर द्वारा अन्य विभागों की भी समीक्षा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के तहत की गई। समय अवधि पत्रों की बैठक में सामाजिक न्याय विभाग की मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में निराकरण की रैंकिंग 43 पाए जाने पर कलेक्टर द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। सुधार लाने के निर्देश दिए गए। सहकारिता विभाग का प्रदर्शन भी कमजोर पाया गया।

नगर निगम का परफारमेंस उत्कृष्ट पाया गया। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी विभाग की रैंकिंग 20 से नीचे नहीं जाने पाए। उचित मूल्य दुकानों से वितरित होने वाले राशन की समीक्षा भी कलेक्टर द्वारा की गई। सभी एसडीएम तथा तहसीलदारों को निर्देश दिए कि उचित मूल्य दुकानों को चेक करते रहें।

## तीन गैर-हाजिर मिले

**रतलाम** | वार्ड 49 की सफाई व्यवस्था के निरीक्षण में तीन सफाई संरक्षक सुमित्राबाई भागीरथ, इंदराबाई इंदर, सविता बाई शिव अनुपस्थित मिलीं। तीनों का एक दिन का वेतन कटेगा।

# रतलाम में बनेगा 10 किलोमीटर लम्बा सिटी रिंग रोड- विधायक काश्यप

**रतलाम, नप्र।** रिंग रोड के लिए 8.5 करोड़ की राशि शासन की ओर से बजट में दी चुकी है। शहर में 10 किलोमीटर लम्बा सिटी रिंग रोड बनेगा। इसके लिए कंसलटेंट की नियुक्ति भी हो चुकी है।

कलेक्टर कक्ष में आहूत बैठक में बताया कि प्रताप नगर पुलिया के पास ऑफीसर्स कॉलोनी तिराहे से शुरू होगा जो हाकीमवाड़ा, रविदास चौक, बाजना बसस्टेंड, गौशाला रोड, राजेन्द्रनगर, शहीद चौक होते हुए महाराणा प्रताप स्टेचू सैलाना बस स्टैंड तक बनना प्रस्तावित है। इसी प्रकार सुभाष नगर ओव्हरब्रिज से कॉमर्स कॉलेज, सुमंगल गार्डन कस्तूरबा नगर, राम मंदिर चौराहा, जवाहर नगर अम्बे चौक, इंडियन ऑयल कार्पोरेशन डिपो होते हुए लक्ष्मणपुरा कार्नर तक भी सड़क बनाने का काम होगा। इन कामों के लिए भोपाल से कंसलटेंट की नियुक्त हो चुकी है। लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आने वाले इस मार्ग के संबंध में काश्यप ने विभागीय अधिकारियों को काम तेजगति से करने के लिए डीपीआर बनाने को कहा। जिला जेल रिडेंसिफिकेशन योजना के तहत होने वाले कामों पर भी चर्चा की गई। इस योजना में जेल की जमीन व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स के लिए दी जाएगी। इससे प्राप्त राशि से नए जेल संकूल के निर्माण के साथ-साथ कॉलेज तिराहा नागरिक विश्राम गृह से महाराणा प्रताप स्टेच्यू तक फोरलेन मार्ग बनाने सहित नगर में अन्य विकास काम किए जाएंगे। इसी प्रकार शहर के बीच माणकचौक सब्जी मंडी एवं शासकीय भवनों के स्थान पर पंचवर्षीय योजना के तहत मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को प्रस्तुत प्रस्ताव अनुरुप मल्टी लेवल पार्किंग एवं कमर्शियल काम्प्लेक्स की योजना बनाने के लिए कंसलटेंट नियुक्त करने का निर्णय लिया। बैठक में पुराने कलेक्टोरेट भवन को जिला संग्रहालय में तब्दील करने एवं कालिका माता क्षेत्र के सौंदर्यीकरण के लिए कंसलटेंट की ओर से दिए गए सुझाव पर चर्चा हुई।

प्रभात किरण।

25-8-21

### जेल की जमीन पर व्यावसायिक कॉम्पलेक्स बनाया जाएगा, शहर विकास के मुददों पर हुई चर्चा

# रतलाम में बनेगा 10 किमी लम्बा सिटी रिंग रोड

24-8-21

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

शहर में 10 किमी. लम्बा सिटी रिंग रोड बनेगा इसके लिए कंसलटेंट की नियुक्ति हो चुकी है। रिंग रोड हेतु शासन द्वारा 8.5 करोड रुपए की राशि बजट में दी जा चुकी है। कलेक्टर कक्ष में हुई बैठक में विधायक चेतन्य कयप एवं कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने रिंग रोड निर्माण सहित शहर विकास से जुडे अन्य कार्यों को जल्द पूरा करने की कार्यवाही जल्द करने के निर्देश दिए।



बैठक में बताया गया कि सिटी रिंगरोड यह मार्ग प्रताप नगर पुलिया के पास ऑफीसर कॉलोनी के तिराहे से आरंभ होकर हाकीमवाड़ा, रविदास चौक, बाजना बस स्टैंड, गौशाला रोड, राजेंद्रनगर, शहीद चौक होते हुए महाराणा प्रताप स्टेचू सैलाना बस स्टैंड तक बनना प्रस्तावित है। इसी प्रकार सुभाष नगर ओव्हरब्रीज से कॉमर्स कॉलेज, सुमंगल गार्डन कस्तूरबा नगर, राम मंदिर चौराहा, जवाहर नगर अम्बे चौक, इंडियन ऑयल कार्पोरेशन डिपो होते हुए लक्ष्मणपुरा कार्नर तक भी स. डक निर्माण कार्य किया जाएगा। इन कार्यों के लिए भोपाल से कंसलटेंट की नियुक्त हो चुकी है। लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आने वाले इस मार्ग के संबंध में श्री काश्यप ने विभागीय अधिकारियों को जल्द गति प्रदान करने हेतु डीपीआर बनाने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला जेल रिडेंसिफिकेशन योजना के तहत होने वाले कार्यों पर भी चर्चा की गई। इस योजना में जेल की भूमि व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स के लिए दी जाएगी, इससे प्राप्त राशि से नए जेल संकुल के निर्माण के साथ-साथ कॉलेज तिराहा (नागरिक विश्राम गृह) से महाराणा प्रताप स्टे%यू तक फोरलेन मार्ग बनाने सहित नगर में अन्य विकास कार्य किए जाएंगे।

इसी प्रकार शहर के मध्य माणक चौक सब्जी मंडी एवं शासकीय भवनों के स्थान पर पंचवर्षीय योजना के तहत मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान को प्रस्तुत प्रस्ताव अनुरुप मल्टी लेवल पार्किंग एवं कमर्शियल काम्प्लेक्स की योजना बनाने हेतु कंसलटेंट नियुक्त करने का निर्णय लिया गया। इससे शहर के मध्य बाजार क्षेत्र में पार्किंग की समस्या का निदान हो सकेगा।

श्री काश्यप ने बताया कि नगर में सीवरेज योजना के कारण क्षतिग्रस्त हुई सडकों के निर्माण हेतु नगर निगम द्वारा पहले चरण में शहर के मध्य क्षेत्र की सडक निर्माण की निविदाएं जारी की जा चुकी है। दूसरे चरण में नगर निगम को पटरी पार के विभिन्न वार्डों के मुख्य मार्ग पर सडक निर्माण हेतु 6 करोड़ के टेंडर जारी करने के निर्देश दिए गए है। इसी प्रकार शहर के अन्य [illegible] मार्गों के टेंडर की तैयारी करने हेतु भी निर्देशित किया गया।

बैठक में पुराने कलेक्टोरेट भवन को जिला संग्रहालय में तब्दील करने एवं कालिका माता क्षेत्र के सौंदर्यीकरण हेतु कंसलटेंट द्वारा दिए गए सुझाव पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया एवं लोक निर्माण विभाग के एसडीओ पीके राय मौजूद रहे।

---

# टालू शब्दों में शिकायतों का निराकरण मत करो, तहसीलदारों को नोटिस थमाया

### सीएम हेल्पलाइन में खराब प्रदर्शन, राजस्व अफसरों पर कलेक्टर नाराज

**भास्कर संवाददाता | रतलाम**

24-8-21

किसी भी प्रकार की शिकायत आए तो उसे गंभीरता से लो। टालू प्रवृत्ति के शब्दों का उपयोग करके अनदेखी मत करो। जरूरी होने पर पटवारी को भेजकर शिकायतकर्ता से बात करो। उसके संतुष्ट होने पर फोर्स क्लोज करो।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम का यह सख्त रवैया सोमवार को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान देखने को मिला। इतना ही नहीं कलेक्टर ने खराब परफॉर्मेंस वाले तहसीलदारों को नोटिस देने के निर्देश दे दिए हैं। समय सीमा पत्रों की समीक्षा में सामाजिक न्याय विभाग की मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में निराकरण की रैंकिंग 43 पाए जाने पर भी कलेक्टर नाराज हुए। सहकारिता विभाग का प्रदर्शन भी कमजोर मिला। नगर निगम का प्रदर्शन अच्छा रहा। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि किसी भी विभाग की रैंकिंग 20 से नीचे नहीं जाने पाए।

### 1054 से ज्यादा गांवों तक पहुंचेगी कृषि विभाग की टीम

बारिश से खराब हुई किसानों की फसलों की वास्तविकता पता करने के लिए कृषि विभाग की टीम जिले के 1000 से ज्यादा गांवों में पहुंचेगी। कलेक्टर ने जिले के सभी 1054 गांव में फसल निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार करके अगले सोमवार तक देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कृषि विभाग उपसंचालक विजय चौरसिया को निरीक्षण के लिए लिखित ड्यूटी आदेश जारी करने को कहा है।

## 84 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

**रतलाम।** नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत सोमवार को 84 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर व ट्रैक्टर-ट्राली से 39850, काम्पेक्टर सूखा कचरा 26885, काम्पेक्टर गीला कचरा 16305, मैजिक से 1880 किलो इस तरह कुल 84920 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

## गंदगी फैलाने वाले चार लोगों से वसूला जुर्माना

24/8

**रतलाम।** नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी व जोन प्रभारी द्वारा खुले में गंदगी करने पर प्रीति कंगन स्टोर न्यू रोड से 500, बालाजी टी स्टाल पावर हाउस रोड, जेएमडी स्टील अलकापुरी से 250-250 व रामूबाई पोलोग्राउंड से 120 रुपये का जुर्माना वसूला गया। सभी को भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश भी दी गई। कार्रवाई स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी विनय चौहान द्वारा की गई।


## पशु वाहन के 4 कर्मचारियों को बर्खास्तगी का नोटिस

**रतलाम.** शहर के विभिन्न स्थानों पर आवारा पशु विचरण करते पाऐ जाने व पशु वाहन पर कार्यरत कर्मचारी द्वारा आवारा पशुओं को कहीं भी पकड़ते हुए नहीं पाए जाने पर इस कार्य के लिए नियुक्त 4 कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओं सूचना-पत्र जारी किया गया। पशु वाहन के कर्मचारी चरणसिंह-भारतसिंह, मेहफुज-कालेखां, रामा व पूनमचन्द-रतन द्वारा कार्य में लापरवाही बरते जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने का नोटिस थमाया है। 24-8-21

### सीएम हेल्पलाइन में खराब परफॉर्मेंस पर दिए कार्रवाई के निर्देश

# शहर को छोड़ सभी तहसीलदारों को कलेक्टर ने थमाए नोटिस

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com
२५-8-21



रतलाम. प्रदेश सरकार के महत्वपूर्ण कामों को पूरा करने में भी जिम्मेदार टालमटोल कर रहे हैं। कलेक्टर के बार-बार निर्देश देने के बाद भी काम नहीं करने काम नहीं करने वालों के प्रति सोमवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम का गुस्सा फूट पड़ा। दरअसल कलेक्टर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की समीक्षा कर रहे थे। रतलाम शहर को छोड़ अन्य सभी तहसीलदारों की खराब परफॉर्मेंस पाए जाने पर वह नाराज हो गए। शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश जारी कर दिए गए।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि राजस्व विभाग के अधिकारी आवेदकों शिकायतकर्ताओं के आवेदनों का निराकरण संतुष्टि पूर्वक करें। निराकरण में टालू प्रवृत्ति के शब्दों का उपयोग नहीं किया जाए। जहां आवश्यक हो पटवारी को भेजकर शिकायतकर्ता से बात की जाए। यदि वह संतुष्ट है तो फोर्स क्लोज किया जाए। समय अवधि पत्रों की बैठक में सामाजिक न्याय विभाग की मुख्यमंत्री हैल्पलाइन में निराकरण की रैंकिंग 43 पाए जाने पर कलेक्टर द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई और कार्य मे सुधार लाने के निर्देश दिए गए। सहकारिता विभाग का प्रदर्शन भी कमजोर पाया गया। नगर निगम का परफारमेंस उत्कृष्ट पाया गया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि किसी भी विभाग की रैंकिंग 20 से नीचे नहीं जाने पाए। उचित मूल्य दुकानों से वितरित होने वाले राशन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सभी एसडीएम तथा तहसीलदारों को निर्देश दिए कि उचित मूल्य दुकानों को चेक करते रहें।

जिले के 1000 से ज्यादा गांवों में पहुंचेगा कृषि विभाग का अमला, फसल निरीक्षण कर रिपोर्ट देगा। समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर द्वारा किसानों की फसल खराबी की शिकायत के संबंध में निरीक्षण के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी 1054 गांव में कृषि विभाग के मैदानी अधिकारी पहुंचकर फसल निरीक्षण करें, रिपोर्ट तैयार करें जो आगामी सोमवार को ग्रामवार प्रस्तुत की जाए। उपसंचालक कृषि को निर्देश दिए कि मैदानी अधिकारियों के फसल निरीक्षण के लिए लिखित में ड्यूटी आदेश जारी किए जाएं। उपसंचालक को भी रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचकर फसल निरीक्षण के लिए निर्देशित किया।

# चार कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त किए जाने का नोटिस

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा निरीक्षण के दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर आवारा पशु विचरण करते पाए जाने व पशुवाहन पर कार्यरत कर्मचारी द्वारा आवारा पशुओं को कहीं भी पकड़ते हुए नहीं पाए जाने पर चार कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

पशु वाहन के कर्मचारी चरणसिंह-भारतसिंह, मेहफुज-काले खां, रामा व पूनमचंद-रतन द्वारा कार्य में लापरवाही बरते जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया। २४-८-२१

### तीन सफाई सफाई संरक्षकों का वेतन काटा

वार्ड क्रमांक-49 की सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान तीन सफाई संरक्षकों के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए जाने व उनके कार्यक्षेत्र अंतर्गत गंदगी व कचरे के ढेर पाए जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर निलंबित/बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। सुमित्राबाई-भागीरथ, इंदिराबाई-इंदर व सविताबाई-शिव कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाई गई।

### शैलेंद्र मेहना को वार्ड 49 के प्रभारी के पद से हटाया

निगम आयुक्त द्वारा वार्ड क्रमांक-49 की सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान जगह-जगह गंदगी के ढेर, नालियां गंदगी से भरी हुई और कचरा यहां-वहां फैला हुआ पाए जाने व वार्ड प्रभारी शैलेंद्र मेहना द्वारा कर्तव्य स्थल पर बिना यूनिफार्म के उपस्थित रहने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया। साथ ही शैलेंद्र मेहना को वार्ड प्रभारी के दायित्व से मुक्त कर वार्ड क्रमांक-07 में मूल पद गैंग सफाई संरक्षक के कार्य हेतु पदस्थ किया गया।

## ड्रेस कोड में नहीं पाए जान पर चार का वेतन काटा

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा निगम के अधिकारी व कर्मचारियों को निर्देशित किए जाने के बाद भी चार कर्मचारियों के कर्तव्य स्थल पर ड्रेस कोड में नहीं पाए जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

निरीक्षण के दौरान तौशी-मोहम्मद हुसैन ड्रायवर, संदीप-सुरेश हेल्पर, विजय खरे, कमल शिंदे वार्ड प्रभारी कर्तव्य स्थल पर ड्रेस में नहीं पाए जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी कर 24 घंटे में स्पष्टीकरण चाहा गया है। शासन द्वारा नगर निगम में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारियों के लिए श्रेणीवार ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है।

### लोक निर्माण व स्वास्थ्य विभाग के दो कर्मचारियों का स्थानांतरण

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कार्यव्यवस्था व प्रशासकीय दृष्टि से लोक निर्माण विभाग के समयपाल रतनसिंह को स्वास्थ्य विभाग (स्थापना) व स्वास्थ्य विभाग के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी मनोज टांक को लोक निर्माण विभाग (मेंटेनेंस शाखा) में पदस्थ किया है।

---

## ड्रेस नहीं पहनने पर 4 का वेतन काटा

पत्रिका

रतलाम. नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को ड्रेस की अनिवार्यता के बाद भी निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशों की अवहेलना का मामला सामने आया है। आयुक्त को चार कर्मचारी अपने कर्तव्य स्थल पर ड्रेस कोड में नहीं मिले जिस पर उनके द्वारा संबंधितों का एक दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया। आयुक्त द्वारा सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान तौशी-मोहम्मद हुसैन ड्रायवर, संदीप-सुरेश हैल्पर, विजय खरे, कमल शिन्दे वार्ड प्रभारी द्वारा अपने कर्तव्य स्थल पर ड्रेस में नहीं पाए जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर नोटिस दिया है।

24-8-21

# डेंगू के मामले बढ़े : 6 नए पॉजिटिव मिले, अब तक 167 केस सामने आए

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में डेंगू के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। शहर में सोमवार को 6 नए पॉजिटिव मामले सामने आए हैं। इधर, जिले में अब तक कुल 167 पॉजिटिव केस मिल चुके हैं।

शहर में सोमवार को 42 सैंपलों की जांच की गई थी। इनमें से 6 सैंपल पॉजिटिव निकले हैं। पिछले साल अगस्त महीने तक सिर्फ 5 डेंगू के मामले ही सामने आए थे। सालभर में 42 केस मिले थे। इधर, डेंगू के बढ़ते मामले से 2018 का रिकॉर्ड टूटने का आसार हैं क्योंकि 2018 में 242 मामले मिले थे जबकि अब तक इसके आधे से ज्यादा मिल चुके हैं वहीं डेंगू का मुख्य सीजन सितंबर महीने से रहता है। मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति ने बताया कि मच्छरों से बचाव प्राथमिकता में रहना चाहिए। पानी जमा ना हो, ध्यान रखें। बच्चों को फुल आस्तीन के कपड़े पहनाएं।

# मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में खराब परफॉर्मेंस पर शहर छोड़कर सभी तहसीलदारों को शोकाज नोटिस

रतलाम। शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता के मुख्यमंत्री हेल्पलाइन कार्यक्रम की समीक्षा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा सोमवार को बैठक में की गई। इस दौरान खराब परफॉर्मेंस पाए जाने पर रतलाम शहर को छोड़कर बाकी सभी स्थानों के तहसीलदारों को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि राजस्व विभाग के अधिकारी आवेदकों शिकायतकर्ताओं के आवेदनों का निराकरण संतुष्टिपूर्वक करें। निराकरण में टालु प्रवृत्ति के शब्दों का उपयोग नहीं किया जाए। जहां आवश्यक हो पटवारी को भेजकर शिकायतकर्ता से बात की जाए। यदि वह संतुष्ट है तो फोर्स क्लोज किया जाए।

कलेक्टर द्वारा अन्य विभागों की भी समीक्षा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के तहत की गई। समय अवधि पत्रों की बैठक में सामाजिक न्याय विभाग की मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में निराकरण की रैंकिंग 43 पाए जाने पर कलेक्टर द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। सुधार लाने के निर्देश दिए गए। सहकारि[illegible] विभाग का प्रदर्शन भी कमजोर पाया गया। नगर निगम का परफारमेंस उत्कृष्ट पाया गया। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी विभाग की रैंकिंग 20 से नीचे नहीं जाने पाए। उचित मूल्य दुकानों से वितरित होने वाले राशन की समीक्षा भी कलेक्टर द्वारा की गई। सभी एसडीएम तथा तहसीलदारों को निर्देश दिए कि उचित मूल्य दुकानों को चेक करते रहें।

24-8

## एक हजार से अधिक गांवों में निरीक्षण करेगा कृषि विभाग

समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा किसानों की फसल खराबी की शिकायत के संबंध में निरीक्षण के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी 1054 गांव में कृषि विभाग के मैदानी अधिकारी पहुंचकर फसल निरीक्षण करें, रिपोर्ट तैयार करें जो आगामी सोमवार को ग्रामवार प्रस्तुत की जाए। कृषि विभाग के उपसंचालक विजय चौरसिया को निर्देश दिए कि मैदानी अधिकारियों के फसल निरीक्षण हेतु लिखित में ड्यूटी आदेश जारी किए जाएं। उपसंचालक को भी रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचकर फसल निरीक्षण के लिए निर्देशित किया।

# ड्रेस कोड में नहीं आए चार कर्मचारी, वेतन कटा

रतलाम | नगर निगम में ड्रेस कोड सख्ती से लागू कर दिया गया है। सोमवार को चार कर्मचारी तौशी मोहम्मद हुसैन ड्राइवर, संदीप सुरेश हेल्पर, विजय खरे, कमल शिंदे वार्ड प्रभारी बिना ड्रेस के काम करते मिले। इस पर आयुक्त ने चारों का एक दिन का वेतन काटने के साथ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। उधर आवारा पशुओं को नहीं पकड़ने पर कर्मचारी चरण सिंह भारत सिंह, महफूज काले खां, रामा व पूनमचंद रतन कारतने पर एक दिन का वेतन काटा है।

# पथ विक्रेता पी.एम. स्वनिधी के तहत 10 हजार का ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त निगम के झोन कार्यालयों में आवेदन प्रस्तुत करें

२५-८-२१

रतलाम । नगरीय क्षेत्र रतलाम के ऐसे पंजीकृत एवं पात्र पथ विक्रेता जिन्हे प्रथम कार्यशील पूंजी हेतु ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त नहीं हुआ है संकल्प से सिद्धी विशेष अभियान के तहत ऋण उपलब्ध कराने हेतु नगर निगम द्वारा निगम के झोन कार्यालयों पर ऑन लाईन आवेदन भरे जा रहे हैं। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने अपील की है कि नगरीय क्षेत्र रतलाम के ऐसे पथ विक्रेता जिन्हे प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना अन्तर्गत राशि रूपये 10,000/- का ऋण प्राप्त नहीं हुआ है वे नगर निगम के झोन कार्यालय अलकापुरी कम्युनिटी हॉल, डॉ0 अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड, अमृत सागर उद्यान व हरमाला पम्प हाउस कार्यालय में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर शीघ्र ऑन लाईन आवेदन प्रस्तुत करें। ऑन लाईन आवेदन प्रस्तुत करने हेतु पथ विक्रेता को आवश्यक दस्तावेज के रूप में बैंक पास बुक, आधार कार्ड, पथ विक्रेता पंजीयन कार्ड व आधार लिंक से मोबाईल नम्बर साथ लाना होगा।

## नगर निगम के पेंशनरो को देना होगा जीवित प्रमाण-पत्र

रतलाम । संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल के निर्देशानुसार नगरीय निकायों के पेंशनरों को प्रत्येक वर्ष के माह दिसम्बर में जीवित प्रमाण–पत्र लिया जावेगा। नगर पालिक निगम रतलाम के समस्त पेंशनरों से अपील की जाती है कि वे माह दिसम्बर 2021 से प्रत्येक वर्षान्त में जीवित प्रमाण–पत्र निर्धारित प्रारूप में निगम की पेंशन शाखा में अनिवार्य रूप से जमा करावें जीवित प्रमाण–पत्र नहीं जमा कराने पर जनवरी से पेंशन भुगतान नहीं किया जावेगा।

वर्कशॉप शिफ्टिंग में लापरवाही

# कचरा कलेक्शन गाड़ियां खड़ी करवा दीं, बिजली कनेक्शन करना भूल गए

भास्कर संवाददाता | रतलाम

पलसोड़ा फंटा तिराहा पर बनी नई वर्कशॉप की शिफ्टिंग में भी नगर निगम लापरवाही से नहीं चूका। लापरवाही की पोल सोमवार शाम 7 बजे तब खुली जब अंधेरा होने लगा। कर्मचारियों ने लाइट जलाने की कोशिश की तो पता चला बिजली का कनेक्शन नहीं हुआ है।

अधिकारियों से होकर खबर कमिश्नर सोमनाथ झारिया तक पहुंची तो वे ताबड़तोड़ वर्कशॉप प्रभारी मो. हनीफ शेख, सिटी इंजीनियर जीके जायसवाल के साथ पहुंचे। कमिश्नर के कार की हेडलाइट्स की रोशनी में काफी देर तक डांट फटकार का दौर चलता रहा फिर भी हल नहीं निकला। जब रास्ता नहीं सुझा तो कमिश्नर ने जनरेटर मंगवाया। तब रात 8.45 बजे लाइट चालू हुई।



जनरेटर चालू होने के बाद व्यवस्था देखते कमिश्नर व सिटी इंजीनियर।

## बिजली कनेक्शन के टेंडर 27 अगस्त को खुलेंगे

चौंकाने वाली बात यह है कि प्रकाश विभाग ने वर्कशॉप में बिजली कनेक्शन के बाकायदा 5.30 लाख रुपए का टेंडर जारी कर रखा है जो 27 अगस्त को खुलेंगे। टेंडर में देरी की वजह तलाशी तो पता चला संभवतः फाइल नीचे दबी रह गई थी। वर्कशॉप प्रभारी मो. हनीफ शेख ने बताया कि कचरा कलेक्शन गाड़ियों को सोमवार से नई वर्कशॉप में ही खड़ा कराया है। धीरे-धीरे वहां सभी सुविधाएं जुटाएंगे।

**वर्कशॉप छोड़कर चले गएः** वर्कशॉप की देखरेख के लिए स्थायीकर्मी अकबर नौशे खान की ड्यूटी दोपहर 2 से रात 10 बजे तक लगाई गई थी। इसके विपरीत अकबर बिना बताए वर्कशॉप छोड़कर चले गए। आयुक्त ने अकबर का एक दिवस का वेतन काटा है। बर्खास्तगी का नोटिस भी दिया है।

## आज आठ राशन दुकानों पर बनेंगे आयुष्मान कार्ड

रतलाम। कलेक्टर व प्रशासक नगर निगम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार आयुष्मान भारत निरामयम योजना अंतर्गत नगरीय क्षेत्र के शेष रहे पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड वार्डो की उचित मूल्य की दुकानों पर बनाए जा रहे हैं। 24 अगस्त को जनता प्राथमिक उपभोक्ता भंडार सुभाष नगर, सीनियर प्राथमिक उपभोक्ता भंडार थावरिया बाजार, पूजा प्राथमिक उपभोक्ता भंडार जवाहर नगर, मरियम प्राथमिक उपभोक्ता भंडार जावरा रोड, रेलवे कन्स्यूमर सोसाइटी रेलवे कालोनी, सागर प्राथमिक उपभोक्ता भंडार रिटायर्ड कालोनी, श्रीकृष्णा महिला प्राथमिक उपभोक्ता भंडार सखवाल नगर व शांतिनाथ प्राथमिक उपभोक्ता भंडार ओझाखाली में पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। नगर निगम द्वारा अब तक 7158 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं।

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में खराब प्रदर्शन

# रतलाम के तहसीलदारों को छोड़ सभी को शोकाज नोटिस

रतलाम ● स्वदेश समाचार

शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता के मुख्यमंत्री हेल्पलाइन कार्यक्रम की समीक्षा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा सोमवार को बैठक में की गई। इस दौरान खराब परफॉर्मेंस पाए जाने पर रतलाम शहर को छोड़कर बाकी सभी स्थानों के तहसीलदारों को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि राजस्व विभाग के अधिकारी आवेदकों शिकायतकर्ताओं के आवेदनों का निराकरण संतुष्टिपूर्वक करें। निराकरण में टालु प्रवृत्ति के शब्दों का उपयोग नहीं किया जाए। जहां आवश्यक हो पटवारी को भेजकर शिकायतकर्ता से बात की जाए। यदि वह संतुष्ट है तो फोर्स क्लोज किया जाए।

कलेक्टर द्वारा अन्य विभागों की भी समीक्षा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के तहत की गई। समय अवधि पत्रों की बैठक में सामाजिक न्याय विभाग की मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में निराकरण की रैंकिंग 43 पाए जाने पर कलेक्टर द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। सुधार लाने के निर्देश दिए गए। सहकारिता विभाग का प्रदर्शन भी कमजोर पाया गया। नगर निगम का परफारमेंस उत्कृष्ट पाया गया। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी विभाग की रैंकिंग 20 से नीचे नहीं जाने पाए। उचित मूल्य दुकानों से वितरित होने वाले राशन की समीक्षा भी कलेक्टर द्वारा की गई। सभी एसडीएम तथा तहसीलदारों को निर्देश दिए कि उचित मूल्य दुकानों को चेक करते रहे।

## 1000 से ज्यादा गांवों में पहुंचेगा कृषि विभाग का अमला

समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा किसानों की फसल खराबी की शिकायत के संबंध में निरीक्षण के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी 1054 गांव में कृषि विभाग के मैदानी अधिकारी पहुंचकर फसल निरीक्षण करें, रिपोर्ट तैयार करें जो आगामी सोमवार को ग्रामवार प्रस्तुत की जाए। कृषि विभाग के उपसंचालक विजय चौरसिया को निर्देश दिए कि मैदानी अधिकारियों के फसल निरीक्षण हेतु लिखित में ड्यूटी आदेश जारी किए जाएं। उपसंचालक को भी रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचकर फसल निरीक्षण के लिए निर्देशित किया। स्वदेश, इन्दौर 24-8-21

## मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में खराब परफॉर्मेंस पर शहर छोड़कर सभी तहसीलदारों को शोकाज नोटिस

25-8-21

रतलाम। शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता के मुख्यमंत्री हेल्पलाइन कार्यक्रम की समीक्षा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा सोमवार को बैठक में की गई। इस दौरान खराब परफॉर्मेंस पाए जाने पर रतलाम शहर को छोड़कर बाकी सभी स्थानों के तहसीलदारों को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि राजस्व विभाग के अधिकारी आवेदकों शिकायतकर्ताओं के आवेदनों का निराकरण संतुष्टिपूर्वक करें। निराकरण में टालु प्रवृत्ति के शब्दों का उपयोग नहीं किया जाए। जहां आवश्यक हो पटवारी को भेजकर शिकायतकर्ता से बात की जाए। यदि वह संतुष्ट है तो फोर्स क्लोज किया जाए। कलेक्टर द्वारा अन्य विभागों की भी समीक्षा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के तहत की गई। समय अवधि पत्रों की बैठक में सामाजिक न्याय विभाग की मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में निराकरण की रैंकिंग 43 पाए जाने पर कलेक्टर द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। सुधार लाने के निर्देश दिए गए। सहकारिता विभाग का प्रदर्शन भी कमजोर पाया गया। नगर निगम का परफारमेंस उत्कृष्ट पाया गया। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी विभाग की रैंकिंग 20 से नीचे नहीं जाने पाए। उचित मूल्य दुकानों से वितरित होने वाले राशन की समीक्षा भी कलेक्टर द्वारा की गई। सभी एसडीएम तथा तहसीलदारों को निर्देश दिए कि उचित मूल्य दुकानों को चेक करते रहें। जिले के 1000 से ज्यादा गांवों में पहुंचेगा कृषि विभाग का अमला, फसल निरीक्षण कर रिपोर्ट देगा समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा किसानों की फसल खराबी की शिकायत के संबंध में निरीक्षण के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी 1054 गांव में कृषि विभाग के मैदानी अधिकारी पहुंचकर फसल निरीक्षण करें, रिपोर्ट तैयार करें जो आगामी सोमवार को ग्रामवार प्रस्तुत की जाए। प्रभात किरण